भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या : 17

जिसका उत्तर 07 दिसंबर, 2022 को दिया जाना है

कोयला उत्पादन

***17. श्री सत्यदेव पचौरी:**
श्री प्रदीप कुमार सिंह:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2024-25 तक सरकार द्वारा कितनी मात्रा में कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है; और

(ख) उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए लक्षित वृद्धि की मात्रा सहित अगले तीन वर्षों के लिए तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख)*:* विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

‘कोयला उत्पादन’ के संबंध में दिनांक 07.12.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 17 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) : चालू वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, घरेलू कोयला उत्पादन पिछले वर्ष में प्राप्त 778 मि.ट. में 17% वृद्धि होकर 911 मि.ट. तक पहुंचने का अनुमान है। घरेलू कोयला उत्पादन में तेजी लाने के लिए शुरू किए जा रहे विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप, अगले तीन वर्षों में कोयले के उत्पादन में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। विवरण नीचे दिया गया है:

(मिलियन टन में)

कंपनी	***2022- 23***	***2023-24***	***2024- 25***	***2025- 26***
सीआईएल	700.00	760.00	850.00	1000.00
एससीसीएल	70.00	75.00	80.00	85.00
कैप्टिव एवं अन्य	141.00	162.14	181.60	203.39
कुल	***911.00***	***997.14***	***1111.60***	***1288.39***

(ख) : अगले तीन वर्षों के लिए कोयले की राज्य-वार उत्पादन योजना का विवरण नीचे दिया गया है:

(मिलियन टन में)

राज्य	***2022-23***	***2023-24***	***2024-25***	***2025-26***
(1) छत्तीसगढ़	201.32	224.11	250.70	287.71
(2) झारखंड	165.38	184.27	217.52	263.34
(3) मध्य प्रदेश	130.92	142.63	151.59	158.59
(4) महाराष्ट्र	62.39	64.98	67.97	69.53
(5) ओडिशा	211.50	238.20	273.04	350.41
(6) पश्चिम बंगाल	36.68	37.95	42.96	47.17
(7) तेलंगाना	69.82	72.50	75.30	78.14
(8) उत्तर प्रदेश	*33.00*	*32.50*	*32.50*	*33.50*
कुल योग	***911.00***	***997.14***	***1111.60***	***1288.39***

यह उल्लेखनीय है कि आगामी वर्षों में 2025-26 तक बिहार में कोयले के उत्पादन की कोई योजना नहीं है। उत्तर प्रदेश में कोयले की प्रस्तावित उत्पादन योजना उपरोक्त तालिका में क्र.सं. 8 पर दी गई है।

****